Publication	Hindustan
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	24
Date	31st August 2017

हिन्दुस्तान

बैडमिंटन अंडर-14 वर्ग में डीपीएस-45 विजेता

गुरुग्राम | कार्यालय संवाददाता

हैरिटेज स्कूल में बुधवार को जिला स्तरीय स्कूली बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले कराए गए। प्रतियोगिता में गुरुग्राम से 250 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

अंडर-14 आयुवर्ग में डीपीएस-45 स्कूल की तनवी नागर, शिक्षांतर स्कूल की संशिता, सनसिटी वर्ल्ड स्कूल की विदुषी और डीपीएस की जाह्नवी के बीच मुकाबला हुआ। डीपीएस सेक्टर-45 को प्रथम और सनसिटी वर्ल्ड स्कूल को द्वितीय स्थान पर जीत मिली। अंडर-17 वर्ग में डीपीएस-45 स्कूल की स्नेहा, हैरिटेज स्कूल की ईशानी, सनसिटी वर्ल्ड स्कूल की अनन्या, शिक्षांतर स्कूल की भाविका, डीपीएस-45 की अक्क्षा के बीच मुकाबला हुआ। डीपीएस सेक्टर-45 को प्रथम और हैरिटेज स्कूल को द्वितीय स्थान मिला। इसी प्रकार अंडर-19 आयुवर्ग में जीडी गोयनका वर्ल्ड स्कूल से मुस्कान, डीपीएस मारुति कुंज से सुहानी, हैरिटेज स्कूल से इनायत और शिक्षांतर स्कूल से इशिता के बीच मुकाबला हुआ।

Publication	Navbharat Times
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	02 (Gurgaon Times)
Date	31st August 2017

NBT
नवभारत टाइम्स

बैडमिंटन में DPS अव्वल

■ एनबीटी न्यूज, गुड़गांव

डिस्ट्रिक्ट लेवल बैडमिंटन चैंपियनशिप में गुड़गांव के 300 के करीब खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और स्टेट चैंपियनशिप में अपनी भागीदारी पक्की की। बुधवार को सभी इवेंट गर्ल्स कैटिगरी में खेले गए। हेरिटेज स्कूल में यह चैंपियनशिप आयोजित की गई, जिसमें सबसे पहले अंडर-14 आयुवर्ग में मैच खेले गए। डीपीएस-45 स्कूल ने फर्स्ट और सनसिटी स्कूल ने इसमें दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 आयुवर्ग में डीपीएस-45 स्कूल की स्नेहा फर्स्ट और हेरिटेज स्कूल की ईशानी दूसरे स्थान पर रही। वहीं, अंडर-19 आयुवर्ग के गर्ल्स इवेंट में डीपीएस की सुहानी फर्स्ट और शिक्षांतर स्कूल की ईशिता ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

Publication	Dainik Bhaskar
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	02
Date	31st August 2017

दैनिक भास्कर

जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में अंडर-14 वर्ग में डीपीएस की टीम रही प्रथम

गुड़गांव | जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में गुड़गांव के करीब 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया और प्रदेश स्तरीय चैंपियनशिप में अपनी भागीदारी पक्की की। बुधवार को सभी इवेंट गर्ल्स कैटेगरी में खेले गए, जिसमें अधिक से अधिक छात्रों की भागीदारी दिखी। हेरिटेज स्कूल में यह चैंपियनशिप आयोजित की गई। जिसमें सबसे पहले अंडर-14 आयुवर्ग में मैच खेले गए, जिसमें डीपीएस -45 स्कूल ने प्रथम और सनसिटी स्कूल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 आयुवर्ग में डीपीएस-45 स्कूल की स्नेहा प्रथम और हेरिटेज स्कूल की ईशानी दूसरे स्थान पर रही। वहीं अंडर-19 आयुवर्ग के गर्ल्स इवेंट में डीपीएस स्कूल की सुहानी प्रथम और शिक्षांतर स्कूल की ईशिता ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

Publication	Punjab Kesari
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	03
Date	31st August 2017

पंजाब केसरी

अंडर-14 में डीपीएस-45 बना विजेता

गुड़गांव, 30 अगस्त (ब्यूरो): शहर के हेरीटेज स्कूल में स्कूल गेम्स के तहत आयोजित डिस्ट्रिक्ट लेवल बैडमिंटन चैंपियनशिप में गुड़गांव के चारों ब्लॉकों से लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बुधवार को सभी इवेंट गर्ल्स कैटेगरी में खेले गए। अंडर-14 आयुवर्ग में खेले गए मैचों में डीपीएस-45 ने पहला व सनसिटी स्कूल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 आयुवर्ग में डीपीएस-45 स्कूल की स्नेहा ने पहला व हेरीटेज स्कूल की ईशानी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 आयवुर्ग में डीपीएस स्कूल की सुहानी ने पहला व शिक्षांतर स्कूल की ईशिता ने दूसरा स्थान हासिल किया।